लापरवाही — काल बनकर लटक रहा चालू लाइन के तारों का झुंड

# नीचे जिंदगी, ऊपर मौत का साया . . .





**नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के सामने वाली सड़क का हाल**

**बड़ी दुर्घटना की आशंका जिम्मेदार विभाग उदासीन**

**नवभारत,जबलपुर।** सिर पर काल बनकर लटक रहे चालू बिजली लाइन के तारों के झुंड और मौत के साये के बीच से इन दिनों नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के पास रहने वाले लोग प्रतिदिन डरे सहमे से गुजर रहे हैं। ये लोग प्रतिदिन अपनी जिंदगी अपने हाथों में लेकर सिर्फ भगवान ये दुआ करते हुए नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के सामने वाली सड़क से गुजरते हैं कि भगवान ऊपर मौत बनकर मौजूद चालू लाइन के तारों के झुंड में से कभी भी कोई तार टूटकर नीचे न गिरे। नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के सामने वाली रोड से प्रतिदिन निकलने वाले चिरौंजी साहू, अन्नीलाल सेन, जितेंद्र साहू ,शुभम साहू ,चंदन कोरी ने नवभारत से कहा कि बीते 10 दिनों से बिजली के तारों का झुंड सड़क से बिल्कुल नजदीक आकर लटक गया है और इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं वहीं बड़े वाहन भी इस मार्ग से गुजरते हैं, ऐसे में दुर्घटना को जिम्मेदारों द्वारा खुला निमंत्रण दिया गया है। स्थानीयजनों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि लटक रहे तारों को व्यवस्थित किया जाए जिससे बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

### इन जगहों के भी गुजरते है लोग

जानकारी के अनुसार नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के सामने से सड़क भूकंप कॉलोनी, दुर्गा नगर ,श्याम नगर, शांति नगर, महावीर नगर की ओर जाती है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं। इसके साथ ही छोटे छोटे स्कूली बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए वैन, ऑटो भी इसी मार्ग से चलते हैं, ऐसे में स्थानीयजनों को डर हमेशा बना रहता है कि कहीं ये चालू बिजली के तार किसी स्कूली वैन पर गिर गया तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकेगा।

### इनका कहना है

मेरे संज्ञान में ये मामला है। नवनिवेश कॉलोनी रूद्राक्ष पार्क के पास एक से दो दिन में विद्युत पोल लग जाएंगे और इस गंभीर समस्या से स्थानीयजनों को राहत मिल जाएगी।

**आनंद कुरवंशी**
**जेई, पुरवा जोन**



तारों को सड़क से ऊंचाई पर करना चाहिए जिससे किसी प्रकार भी दुर्घटना न घटित हो सके।

**जितेंद्र साहू**
**रहवासी, रूद्राक्ष पार्क**



सड़क के ऊपर मौत बनकर झूल रहे तारों को बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थित करना चाहिए। इस तरह से लापरवाह बनकर नहीं बैठना चाहिए।

**करण सेन**
**रहवासी, भूकंप कॉलोनी**



स्कूल के बच्चे प्रतिदिन वैन में इस मार्ग से गुजरते हैं जिस कारण बड़ी अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है। क्योंकि डर रहता है कि कहीं तार टूटकर वैन में न गिर जाएं।

**शुभम साहू**
**रहवासी भूकंप कॉलोनी**



इस तरह की लापरवाही की मैं घोर निंदा करता हूं। अगर जल्द तारों को ऊपर नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बिजली विभाग के खिलाफ जनआंदोलन किया जाएगा।

**बलराज सिंह**
**रहवासी, भूकंप कॉलेनी**

# कफ सीरप प्रकरण की जांच अब बरगी टीआई करेंगे

**अधिवक्ता ने लगाए माढ़ोताल पुलिस पर गंभीर आरोप विभागीय जांच भी होगी**

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं माढ़ोताल पुलिस ने 14 फरवरी को नशे की बड़ी खेप पकड़ी थी। जिसमें 4 हजार 800 बाटल मेक्काटस कप सिरप (कोडीन) कीमती 8 लाख 64 हजार रूपये की जप्त किए गए थे । इस मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब अधिवक्ता ने माढ़ोताल पुलिस पर गंभीर आरोप लगा दिए । सूत्रों के मुताबिक मामले की केस डायरी बरगी को सौंप दी गई है। इसके अलावा विभागीय जांच के आदेश भी हो गए है। विदित हो कि कटंगी रोड स्थित टाटा शोरूम के पास 14 फरवरी को क्राइम ब्रांच, माढ़ोताल पुलिस एवं ड्रग निरीक्षक ने छापेमारी की थी। कुल 4 हजार 800 बाटल (शीशी) मैक्टा-टस कफ सिरफ कीमती लगभग 8 लाख 64 हजार रूपये की जप्त करते हुये सुमित यादव, मेसर्स सचिन मेडिकोज ग्राम गुबरा थाना जबेरा जिला दमोह, हिमांशु झा, मैसर्स मैक्काक्योर फार्माशिस्ट देहरादून उत्तराखण्ड के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था । वहीं अब इस मामले में अधिवक्ता विपुल वर्धन जैन ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत सौंपी है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि इस मामले में उनके पक्षकारों ब्रजेश कुमार मिश्रा एवं कृष्ण नारायण त्रिपाठी को भी थाने में बैठाया गया था। इसके अलावा सहायक उप निरीक्षक के द्वारा दो लाख रूपये के एवज में पक्षकारों को छोड़े जाने की बात कही गई मना करने पर पक्षकारों को 5-6 घंटे और बैठाये रखा गया था। शिकायत में यह भी आरोप है कि योजनाबद्ध तरीके से जिस ट्रांसपोर्ट कंपनी में कफ सीरप को बुक किया गया था, उसके कर्मचारियों को ब्लैकमेल कर उनको आरोपी बनाने का भय दिखाया गया है। जबकि ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों का कोई भी दोष नहीं था। इसके साथ ही टीआई पर भी गंभीर आरोप भी लगाए गए है। जिसके बाद मामले में विभागीय जांच के आदेश हो गए है साथ ही केस डायरी को बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे को सौंप दिया गया है ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके ।

# अधिवक्ताओं ने खेली फूलों की होली, फागुनी गीतों पर थिरके

▶ राधाकृष्ण नृत्य ने मोहा सबका मन



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में शुक्रवार की शाम होली के नाम रही। अधिवक्ताओं ने गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामनाओ का आदान-प्रदान किया। यह परंपरा वर्षों पुरानी है। सर्वप्रथम राधाकृष्ण नृत्य हुआ, जिसे देखकर अधिवक्ता आनंदित हो गए। इसी के साथ फूलों की होली प्रारंभ हो गई। समूचा सभागार फूलों की चादर से सज गया। इस दौरान उपस्थिति अतिथियों का परंपरागत तरीके से अभिनंदन किया गया। अधिवक्ता संघ के सचिव अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने बताया कि उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया, न्यायाधीश अवनींद्र कुमार सिंह, जस्टिस देवनारायण मिश्रा, जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल, जस्टिस दीपक खोत सहित अन्य ने वकीलों का उत्साह बढ़ाया। उनकी उपस्थिति से आयोजन में गरिमा की छटा छा गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, प्रशांत अवस्थी, योगेश सोनी, राजेंद्र प्रताप सिंह, पुतस्कालय सचिव रजनीश उपाध्याय, सपना तिवारी, स्मिता आदि की उपस्थिति रही

# खून से फैट निकालने का झांसा देकर रिटायर्ड बैंक मैनेजर से ठगी की कोशिश

**नागपुर का डॉक्टर बनकर आया था राजस्थान का जालसाज**

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में एक शातिर ठग द्वारा फर्जी डॉक्टर बनकर एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर महिला को अपनी बातों के जाल में फंसाकर यूनानी पद्धति से इलाज का झांसा दिया और उनके शरीर के साथ जानलेवा खिलवाड़ करने की कोशिश की। खून से फैट निकालने का झांसा दिया। हालांकि महिला की सतर्कता के चलते आरोपी की पोल खुल गई, राजस्थान का जालसाज नागपुर का डॉक्टर बनकर ठगी को अंजाम देने पहुंचा था जिसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अनुभा तिवारी निवासी कोल माइंस कॉलोनी, गुप्तेश्वर रोड की बैंक की रिटायर्ड मैनेजर हैं, 25 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें सड़क पर रोककर उनके पैरों की सूजन का जिक्र किया। उसने सहानुभूति जताते हुए कहा कि नागपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर राकेश पटेल ने उसकी मां को भी इसी समस्या से ठीक किया है। झांसे में आकर महिला ने कथित डॉक्टर से संपर्क किया, जिसने खुद को नागपुर का निवासी बताया और 1600 रुपये फीस लेकर घर आकर इलाज करने की बात कही। अगले दिन जब आरोपी महिला के घर पहुँचा, तो उसने पैरों की सूजन ठीक करने के बहाने बिना बताए किसी धारदार चीज से पैर पर कट लगा दिया। उसने एक पाइप के जरिए महिला के पैर से खून खींचने का नाटक किया और जमीन पर थूकते हुए बोला, देखो, आपके खून में फैट ज्यादा है, इसे साफ करना होगा। जब महिला को दर्द हुआ और उन्होंने कट लगाने का विरोध किया, तो आरोपी घबरा गया।

### सर्टिफिकेट मांगा तो निकला साबिर

महिला को शक होने पर जब उन्होंने डॉक्टर से उसकी डिग्री और आईकार्ड मांगा, तो वह टालमटोल करने लगा और फीस के लिए दबाव बनाने लगा। पुलिस को बुलाने की धमकी देने पर आरोपी ने अपना आधार कार्ड दिखाया। आधार कार्ड देखते ही पीड़िता के होश उड़ गए डॉक्टर राकेश पटेल बनकर आया शख्स असल में राजस्थान का रहने वाला साबिर निकला। उसके बैग की तलाशी लेने पर डॉक्टरी पेशे से संबंधित कोई भी वैध सामग्री नहीं मिली।

### प्रचारक हुआ फरार ठग गया जेल

अनुभा तिवारी की सूचना मिलते ही गढ़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई और ठग साबिर पिता कय्यूम निवासी राजस्थान को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जिसे न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं और शहर में किन-किन लोगों को इन्होंने अपना निशाना बनाया है। इसके साथ ही कथित डॉक्टर का प्रचार करने वाला फरार हो गया।

# निधि आपके निकट 2 .0 के दौरान निपटाए गए 122 मामले

▶ सदस्यों एवं पेंशनरों की शिकायतों का हुआ निराकरण



**नवभारत,जबलपुर।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त 19 जिलों में शुक्रवार को 'निधि आपके निकट 2.0'' शिविर आयोजित किए गए। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय में आयोजित शिविर में 8 शिकायतों का निपटान किया गया। 19 जिलों में आयोजित शिविर के दौरान 150 से अधिक संख्या में विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी, पेंशनर एवं नियोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। शिविर के दौरान 122 शिकायतों का त्वरित निपटान किया गया। राकेश सरहावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। द्वारा कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान भविष्य निधि सदस्यों एवं पेंशनरों की शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान एक पेंशनर ने शिकायत प्रस्तुत कर बताया की उन्हें देय पेंशन का कम निर्धारण हुआ है। क्षेत्रीय आयुक्त-। द्वारा पी.पी.ओ. फाईल एवं लेखा अनुभाग के डाटा का पुन: विश्लेक्षण किये जाने के आदेश संबंधित सहायक आयुक्त को दिये गये और साथ मामले में उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। वहीं एक अन्य शिकायत के मामले में पाया गया कि सदस्य के पेंशन खाते में सदस्य की आयु 58 वर्ष हो जाने के बाद भी नियोक्ता द्वारा पेंशन अंशदान जमा किया गया है जो नियमानुसार गलत है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को मामले मे उचित कार्यवाही करते हुए सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के आदेश दिये। शिविर के दौरान इस माह सेवानिवृत्त होनेवाले कुछ कर्मचारियों को उनके पीपीओ भी ''निधि आपके निकट'' कैम्पों के माध्यम से वितरित किए गए। राकेश सरहावत, क्षेत्रीय आयुक्त-। द्वारा संस्थानों के नियोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखें की किसी भी सदस्य का अंशदान पेंशन फण्ड में 58 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जमा न करें। शिविर में धीरेन्द्र नायडू, सहायक निदेशक, सज्जन कुमार एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शाखा प्रबंधक, श्याम हेडाऊ उपस्थित रहे।

### 27 अपराधियों पर ईनाम घोषित

**जबलपुर।** बरगी थाने में दर्ज अलग-अलग अपराध में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 27 अपराधियों की गिरफ्तारी पर पलिस अधीक्षक ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक जिन आरोपियों पर ईनाम घोषित किया गया है उसमें महेश गौड, बारे लाल यादव, मुकेश झारिया, राजेश श्रीवास्तव, रविन्द्र गौड, मनोज महेले, राकेश कुमार, अखिलेश सेन, मेघराज साईलवार, गोरेलाल पासी, रोहित तिवारी, मनीष पिल्लई, गुलाब तेकाम, मंजू यादव, राजेश लोधी उर्फ लम्मू, पदम पटेल, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सक्कूलाल गौड, संदीप बैरागी, गोलू गौड, हेमराज आर्मो, रवि पटेल पिता सुमेरा पटेल, सुरेश गिरी, कृष्ण कुमार भरदिया , अनिल कुमार कुलस्ते, ज्ञान सिंह शामिल है ।

# 23312 विद्यार्थियों ने दिया विज्ञान का पेपर

**शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 100 केंद्रों में हुई परीक्षा**

**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रहीं बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत शुक्रवार को दसवीं कक्षा में विज्ञान विषय का पेपर आयोजित हुआ। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर 100 केंद्रों में आयोजित की गई। जिसमें कुल 23743 विद्यार्थी शामिल होने वाले थे,लेकिन 23312 विद्यार्थियों ने ही विज्ञान की परीक्षा दी, जबकि 431विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। पेपर में कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया।



### उड़न दस्ता टीम ने किया निरीक्षण

जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में नकल पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया था।
जिसमें यह टीम जिले में बनाए गए, सभी केंद्रों में लगातर निरीक्षण कर रहे हैं और परीक्षा के समय नकल करने वालों के ऊपर नजर भी रखे हुए हैं। लेकिन अभी तक जिले में कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है, जो की एक अच्छी बात है।

### बारहवीं में हुआ आईपी का पेपर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चल रही बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को बारहवीं कक्षा में आईपी विषय का पेपर आयोजित हुआ। यह परीक्षा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 32 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसमें 1123 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि 12 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना है।

# शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक में नागरिकों से सभी त्यौहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। सदस्यों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, होली में हानिकारक रंगों व फूहड़ प्रतिमाओं पर रोक लगाने, डीजे पर प्रतिबंध और रमजान के मीना बाजार में महिला पुलिस तैनात करने की मांग की। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात होंगे और शांति भंग करने वाले आसामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से ऐसी गतिविधियों की सूचना देने की अपील भी की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, और समिति सदस्य उपस्थित थे।

# 2 शातिर चोर गिरफ्तार, 13 लाख के जेवर जब्त, क्राइम ब्रांच-रांझी पुलिस की कार्रवाई



**नवभारत,जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं रांझी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 13 लाख रूपए के जेवरात जब्त किए गए है। पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार को नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू ने खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 26 को मार्टिन खाखा 72 वर्ष निवासी प्लाट नं. 12, शोभापुर ग्रीन कालोनी रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह क्वालिटी कंट्रोल विभाग से रिटायर होकर घर पर ही रहता है। उसके 3 लड़के है दो लड़के बाहर रहते है सबसे छोटा लड़का अविनाश खाखा उसके साथ में ही रहता है वह अपनी पत्नि के साथ 18 दिसम्बर 2025 को अपने पैतृक गांव जसपुर छत्तीसगढ़ चला गया था। उसके बाद उसका छोटा लड़का 3 जनवरी 26 को घर में ताला लगाकर छत्तीसगढ स्थित पैतृक गांव आ गया था। इसी दौरान चोरों ने धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए थे। थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच एवं थाने की टीम गठित हुई। सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए। जिसके बाद सुरेश चौधरी उर्फ सुर्रू निवासी बाबा टोला ठक्कर ग्राम हनुमानताल एवं जय चौधरी निवासी सिंधी कैम्प बड़ी मदार टेकरी को दबोचा गया जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया।

### आठ तोला गोल्ड, आधा किलो चांदी जब्त

8 तोल वजनी सोने के जेवर एवं आधा किलो वजनी चांदी कुल कीमती लगभग 13 लाख रूपये के जप्त किए गए। पकडे गये आरोपी शातिर अपराधी प्रवृत्ति के है सुरेश के खिलाफ पूर्व से 16 अपराध मारपीट, नकबजनी, 13 जुआ एक्ट, 25 आर्म्स एक्ट एवं जय चौधरी के खिलाफ 4 अपराध दर्ज है।

# रेलवे ने पेश की मिसाल, खोया पर्स सुरक्षित लौटाया



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत पिपरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों द्वारा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं मानवीय मूल्यों का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिससे आम जनता में रेलवे की सकारात्मक, विश्वसनीय एवं संवेदनशील छवि और अधिक सुदृढ़ हुई है दिनांक 27 फरवरी को हरिश कुमार पटेल, निवासी पिपरिया, रेलवे टिकट काउंटर (सिटी साइड) पर पिपरिया से जबलपुर हेतु टिकट लेने पहुंचे थे। टिकट लेने के दौरान उनका पर्स भूलवश काउंटर के बाहर छूट गया, जिसमें कुल 10,360 रुपये रखे हुए थे कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए ए.टी.व्ही.एम. फैसिलिटेटर राजकुमार खरे के सहयोग से पर्स को तुरंत सुरक्षित रूप से बरामद किया गया तथा पूर्ण राशि सहित सम्मानपूर्वक यात्री को वापस सौंपा गया। इस सराहनीय कार्य में पंकज कुमार अकेला (सी.वी.एस.), मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, पिपरिया सहित स्टेशन के समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर यात्री हरिश कुमार पटेल द्वारा पिपरिया रेलवे स्टाफ के प्रति हार्दिक आभार, धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा गया कि रेलवे कर्मचारियों का यह व्यवहार न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि आम जनता के विश्वास को और मजबूत करता है।

जायजा — वार्डों की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

# स्वच्छता अनुबंध नहीं, शहर के प्रति भावनात्मक जिम्मेदारी है : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संबंध में निगमायुक्त ने आउटसोर्स ठेकेदारों और सफाई मित्रों को सेवा का एक नया मंत्र दिया है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि स्वच्छता केवल एक अनुबंध नहीं, बल्कि शहर के प्रति एक भावनात्मक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान ठेकेदारों को संबोधित करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि जब हम शहर के हित में दिल से काम करते हैं, तो समाज में 'इज्जत' और 'सम्मान' भी मिलता है। उन्होंने नसीहत दी कि सभी आउटसोर्स ठेकेदारों को निगम के साथ एक परिवार की तरह जुड़कर और भावनात्मक अटैचमेंट के साथ काम करने की आवश्यकता है।

### धरातल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर निगमायुक्त ने तीन प्रमुख संभागों के वार्डों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड और धन्वंतरी नगर में सफाई व्यवस्था को बारीकी से परखा। इस मौके पर उन्होंने सफाई मित्रों की उपस्थिति पंजी का मिलान किया और उनकी कार्यप्रणाली देखी। इस मौके पर निगमायुक्त ने फील्ड पर तैनात कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शहर को नंबर-1 बनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षदों की उपस्थिति ने स्वच्छता अभियान के प्रति सामुदायिक जुड़ाव को दर्शाया। पार्षद अनुपम जैन और जितेन्द्र कटारे (जीतू) ने भी सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित क्षेत्रों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पांच लाख नकद, बाइक की डिमांड कर महिला को घर से निकाला

**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत धनवाही में रहने वाली एक महिला को दहेज लोभियों ने पांच लाख रूपए नगद और बाइक की डिमांड करते हुए घर से िनकाल दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति शिवानी पटेल 21 वर्ष निवासी धनवाही (बीछी) ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 15 मई 2023 को ग्राम धनवाही निवासी नीरज पटेल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी शादी में उसके माता पिता ने अपनी सामर्थता के अनुसार घर गृहस्थी का सामान एवं सोने चांदी के जेवरात दिये थे शादी के लगभग 2 माह बाद पति नीरज पटेल, देवर सोहित पटेल, और सास रक्खो बाई पटेल घरेलू बातों को लेकर उससे झगड़ा कर दहेज में 5 लाख रूपये एवं मोटर सायकल की मांग कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे जिससे परेशान होकर अपने मायके चली जाती थी उसके माता पिता उसे समझाकर सुसराल भेज देते थे जहां ससुराल वाले उसे दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते थे जिससे परेशान होकर लगभग डेढ़ वर्ष से मायके में रह रही है। जनसुनवाई मे शिकायत की थी इसके बाद वे ससुराल आ गई थी लेकिन पति नहीं सुधरा। पांच लाख नगद, बाइक की मांग कर उसे घर से निकाल दिया । आरोपी पति नीरज पटेल, देवर सोहित पटेल, सास रक्खो बाई के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।